EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

Class : 9th

Subject : हिंदी

Chapter : 16

Chapter Name : यमराज की दिशा

Q1 कवि को दक्षिण दिशा पहचानने में कभी मुश्किल क्यों नही हुई?

Answer. कवि को दक्षिण दिशा पहचानने में कभी मुश्किल नहीं हुई क्योंकि उसकी मां ने उसे समझा दिया था कि दक्षिण दिशा में कभी पैर करके नहीं सोना चाहिए क्योंकि दक्षिण दिशा यमराज की दिशा होती है। दक्षिण दिशा मौत की दिशा है। कवि अपनी मां का आज्ञाकारी पुत्र था अतः इसे भली भांति अपने जीवन में अपना लिया।

Page : 135 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2. कवि ने ऐसा क्यों कहा कि दक्षिण को लाँघ लेना संभव नहीं था ?

Answer. कवि ने दक्षिण दिशा को लांघना असंभव इसलिए कहा क्योंकि दक्षिण दिशा का कोई ओर छोर नहीं है क्योंकि पृथ्वी गोल है। किसी भी एक दिशा में अगर हम चलते चले जाएं तो हम वापस फिर वहीं पर आ जाएंगे यही बात दक्षिण दिशा पर भी लागू होती है। इसलिए कवि ने दक्षिण दिशा को लांघना संभव नहीं समझा है।

Page : 135 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3. कवि के अनुसार आज हर दिशा दक्षिण दिशा क्यों हो गई है?

Answer. कवि के अनुसार आज हर दिशा दक्षिण दिशा इसलिए बन गई है क्योंकि आज की परिस्थितियां बदल चुकी है। सामाजिक सभ्यता का विकास खतरनाक दिशा की ओर बढ़ता चला जा रहा है आज के लोगों की सामाजिक सोच और मानवीयता में परिवर्तन आ चुका है जिसके कारण परिस्थितियों में परिवर्तन आ गया है आज हर दिशा दक्षिण दिशा बन गई है क्योंकि आज धन कमाने की लालसा में लोग दूसरों का शोषण करने से भी नहीं चूकते हैं और आज समाज में शोषण तथा तथा भ्रष्टाचार बढ़ चुका है।

Page : 135 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q4. भाव स्पष्ट कीजिए -

सभी दिशाओं में यमराज के आलीशान महल हैं

edugross.com

और वे सभी में एक साथ

अपनी दहकती आँखों सहित विराजते हैं

Answer. प्रस्तुत पंक्ति का भाव यह है कि शोषकों के हाथ बहुत मजबूत हैं। वह धन बल तथा बाहुबल से समर्थ होने के कारण आलीशान महलों में रहते हैं। वे अपनी डरावनी गतिविधियों, क्रोध, हिंसा, क्रूरता के कारण भयानक दिखाई देते हैं।

Page : 135 , Block Name : अति प्रश्न अभ्यास

Q5. कवि की मां ईश्वर से प्रेरणा पाकर उसे कुछ मार्ग निर्देश देती है आपकी मां भी समय-समय पर आपको सीख देती होंगी।

(क) मां आपको क्या सीख देते हैं?

(ख) क्या उनकी हर सीख आपको उचित जान पड़ती है? यदि हां तो क्यों और नहीं तो क्यों नहीं?

Answer. छात्र स्वयं करें

हर मां की सीख हमें हमेशा उचित जान पड़ती है क्योंकि हर मां अपनी संतान की भलाई की भलाई चाहती है और अपने बच्चों को बुराई से बचाने का प्रयास करती है।

Page : 135 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q6. कभी-कभी उचित-अनुचित निर्णय के पीछे ईश्वर का भय दिखाना आवश्यक हो जाता है, इसके क्या कारण हो सकते हैं ?

Answer. कभी-कभी उचित अनुचित निर्णय के पीछे ईश्वर का भय दिखाना आवश्यक हो जाता है इसका कारण यह हो सकता है कि मानव मन अशुभ की भावना से बहुत डरता है। ईश्वर का भय व्यक्ति को बुरे कर्म करने से भयभीत करता है। मनुष्य बहुत सोचता है कि उसके हाथ और कोई बुरा कर्म या अशुभ कार्य ना हो ताकि उसे ईश्वर का डंड का भागीदार ना बनना पड़े।

Page : 135 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q1 कवि का मानना है कि आज शोषणकारी ताकतें अधिक हावी हो रही है। 'आज की शोषणकारी शक्तियां' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए (आप शिक्षक को सहपाठियों पड़ोसियों पुस्तकालय आदि से मदद ले सकते हैं।)

Answer.  छात्र स्वयं करें।

edugross.com

EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

Page : 135 , Block Name : पाठेतर सक्रियता

edugross.com